अमर उजाला 14/05/2023

# रोजगार मेले में 150 विद्यार्थियों का चयन

अंबाला। जीएमएन कॉलेज की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्लेसमेंट सेल द्वारा रोजगार मेला लगाया गया। इस अवसर पर 16 कंपनियां और 4 बैंकों ने युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए साक्षात्कार किया। मेले में 150 विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कॉलेज इस वर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, मेडिकल लैब साइंस जैसे नए कोर्स शुरुआत करने जा रहा है। इन सभी कंपनियों के साथ कॉलेज ने एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए। संवाद